तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 19 जून 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

14 क्रेशर खदान बंद कराने ग्रामीण हुए लामबंद, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



14 गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर दीप यज्ञ का आयोजन



## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल आज करेगा नवनिर्वाचित सांसद का सम्मान

**पलारी/कसडोल ।** भाजपा मंडल पलारी द्वारा जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 19 जून को दोपहर 12 बजे तहसील साहू भवन पलारी में आयोजित की जायेगी। भाजपा मंडल पलारी के अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा ने बताया कि जांजगीर चांपा लोकसभा में भाजपा ने लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। इस बार कमलेश जांगड़े 60 हजार मतों से विजय हासिल कर सांसद निर्वाचित हुई है। इसके उपलक्ष्य में सांसद सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी भाजपा मंडल पलारी के मीडिया प्रभारी केशव साहू ने दी और भाजपा परिवार के सभी सदस्यों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### कार्यकर्ता सम्मान समारोह आज

**लवन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल लवन द्वारा लोकसभा चुनाव में मिली शानदार सफलता और जांजगीर–चाम्पा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के विजयी होने तथा कसडोल विधानसभा के चारों मंडलों में लवन मंडल से सर्वाधिक लीड मिलने की खुशी में लवन मंडल के कार्यकर्ताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन बुधवार को स्थानीय अग्रवाल काम्प्लेक्स में दोपहर 3 बजे रखा गया है। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल तथा नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर सांसद कमलेश जांगड़े का लवन मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की तैयारी की जा रही है।

### पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टेमरी में खेत में मेड़ देने की बात पर एक व्यक्ति ने पति-पत्नी से मारपीट की। पुलिस को प्रार्थी हदयानंद कुमार पिता कार्तिको कुमार ने बताया कि आरोपी परमानंद कुमार ने खेत में मेड़ देने की बात को लेकर गालियां देते और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूल से बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के पब्लिक स्कूल परिसर से बाइक चोरी हो गई। चूड़ामणि साहू पिता घासीराम साहू निवासी कस्तूरबोड़ ने पुलिस को बताया कि बागबाहरा के पब्लिक स्कूल परिसर में खड़ी उसकी बाइक सीजी 06 पीए 5662 को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

**राजनीति**

*धारा 144 की मियाद को 16 से बढ़ाकर किया 20 जून तक*

# जैतखाम और आगजनी की घटना पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

## भारी पुलिस बल के सामने कलेक्टर दफ्तर नहीं पहुंच सके कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कलेक्टोरेट कार्यालय में 10 जून को हुई हिंसा के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों में 18 जून को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ने भी 18 जून को आंदोलन करने अनुमति मांगी थी, लेकिन कलेक्टर ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए धारा 144 की मियाद को 16 से बढ़ाकर 20 जून तक कर दिया और कांग्रेस पार्टी को धरना आंदोलन की अनुमति नहीं दी। तब जिला कांग्रेस द्वारा शांतिपूर्वक ज्ञापन देने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम के लिए प्रदेश कांग्रेस पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को प्रभारी भी बनाया गया था। सबेरे 10 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी एक–एक कर आने लगे। पुलिस द्वारा भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। प्रदर्शन के दौरान कार्यक्रम के प्रभारी विकास उपाध्याय जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, शैलेशनितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, शहर अध्यक्ष रुपेश ठाकुर, परमेश्वर यदु, गोपी साहू, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, रोहित साहू, आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, धर्मेन्द्र वर्मा, गौतम ठेठवार, रवींद्र नामदेव, निलेश बंजारे, सुखदेव साहू, अविनाश मिश्रा, शाश्वत यादव, पिंटू वर्मा, विशाल डोंगरे, जय ठाकुर, शैलेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।

**साय सरकार के खिलाफ ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका**

**खास बातें**

- 18 जून को आंदोलन करने अनुमति मांगने निकले थे
- महकोनी के जैतखाम को तोड़ने वाले वास्तविक अपराधियों को पकड़े जाने की मांग की



### जैतखाम तोड़ने वाले असली अपराधियों को गिरफ्तार करें सरकार

जानकारी के मुताबिक पलारी में भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी और विकास उपाध्याय को कुछ देर के लिए रोक कर रखा गया। लगभग 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय से जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर एवं हाथों में जैतखाम तोड़ने वालों को गिरफ्तार करने, सीबीआई जांच की मांग करने, असली अपराधियों पर कार्रवाई तथा निर्दोषों पर कार्रवाई न करने जैसे स्लोगन वाले पोस्टर लेकर निकले, जिसे कांग्रेस कार्यालय के सामने ही भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने रोक लिया। इस बीच विकास उपाध्याय सहित कांग्रेस नेताओं ने पुलिस पर शांतिपूर्वक ज्ञापन देने जाते हुए कांग्रेसजनों को बलपूर्वक रोकने पर आपत्ति करते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। लगभग आधे घंटे तक ▶▶ शेष पेज 13 पर

### आंदोलन के दौरान डंडा और पेट्रोल बम कहां से आए

भीड़ में लाठी डंडे, पेट्रोल बम कैसे आए ये जान नहीं पाये। भीड़ के लिए पंडाल, खाने की व्यवस्था किसने की यह नहीं जान पाये। यह सब भाजपा सरकार की विफलता और नाकामी को उजागर करता है। कलेक्टर और एसपी कार्यालय जल गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप है, लोगों में भय का वातावरण है। साय सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेसपार्टी ने कलेक्टर के नाम सौंपे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि महकोनी के जैतखाम को तोड़ने वाले वास्तविक अपराधियों को पकड़ा जाए। बलौदाबाजार में हुए अग्निकांड की पारदर्शी तरीके से जांच करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, किंतु निरपराध लोगों को प्रताड़ित करने से बचा जाए, ताकि बलौदाबाजार जिले के निवासियों को भय और अशांति का वातावरण से निकाला जा सके और सर्वसमाज में शांति बहाली हो सके। साथ ही आम आदमी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अमरगुफा जैतखाम विवाद की जांच में पहुंचा भाजपा दल



**बलौदाबाजार।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह द्वारा बलौदाबाजार अग्निकांड मामले की जांच के लिए गठित 5 सदस्यीय जांच दल सोमवार को बलौदाबाजार पहुंचा।

जांच दल के संयोजक दयालदास बघेल, सदस्य टंकराम वर्मा, शिवरतन शर्मा, नवीन मार्कण्डेय, रंजना साहू ने गिरौदपुरी से 5 किलोमीटर दूर महकोनी में स्थित जैतखाम के क्षतिग्रस्त किए जाने और जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट व एसपी दफ्तर में हुई आगजनी, तोड़फोड़ और पीड़ितों से मुलाकात की और घटना से जुड़े आवश्यक पहलुओं पर गंभीरता से अध्ययन और संबंधित लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्य इस और इशारा कर रहे हैं कि सुनियोजित प्रकार से हिंसा भड़काने का षड्यंत्र रचा गया है और इसके लिए असामाजिक तत्वों का सहारा लिया गया है। जांच दल ने पाया समाज इस षड्यंत्र में उजागर होते चेहरे को पहचान चुकी है, वह उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे है। इस दौरान डॉ. सनम जांगड़े, योगेश चंद्राकर, दुर्गा महेश्वर, कृष्णा अवस्थी, श्याम बाई साहू, टेसु लाल धुरंधर, विजय केशरवानी, धनंजय साहू, अशोक जैन, चित्तावर जायसवाल, आनंद यादव, सुनीता वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, संकेत शुक्ला, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, राजेश वर्मा, अनुपम बाजपेई, मणिकांत मिश्रा, योगेश वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, राहुल सोनी, योगेश अग्रवाल, रोमी साहू, वासु ठाकुर, अजय गर्ग, राकेश ध्रुव, कपिल कश्यप, संतोष नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो

भाजपा जांच दल ने प्रारंभिक जांच में पाया कि इतनी बड़ी संख्या में दूर–दूर से आए लोगों के आने–जाने और खाने की व्यवस्था में विपक्ष की भी भूमिका है, जो आगे और जांच उपरांत स्पष्ट हो जाएगी। जांच दल ने यह भी पाया कि अभी तक जो कार्रवाई चल रही है, वह सही दिशा में है। इसके आगे और जो भी पहलू सामने आते जायेंगे, उन पर भी शासन–प्रशासन नजर बनाए हुए हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जांच दल ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो पाए, साथ ही जिनका भी व्यक्तिगत नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए अधिकारियों से बात भी की गई है।

**धान बचने मंडी आ रहा था**

## नकाबपोशों ने किसान की हत्या कर लूटी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर में चाकूबाजी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार कोमुंगेली कंतेली निवासी महेतरू ध्रुव अपने दो अन्य साथियों के साथ धान बेचने के लिए भाटापारा कृषक मंडी आ रहा था। वहीं सिमरिया घाट पुल के पास कुछ नकाबपोश बदमाश ने कृषक को चाकू मारकर जख्मी कर दिया व मृतक के पास रखे पैसों को लूटकर फरार हो गए। मामले को भाटापारा शहर थाना पुलिस ने संज्ञान में लेकर फरार आरोपी के तलाश में जुट गई है। वहीं मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।



## लावारिस मवेशियों से बढ़ रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

लगातार सड़क हादसे में हो रही वृद्धि का मुख्य कारण गौ वंशों का सड़क पर छोड़ा जाना है। भाटापारा नगर में व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों व गौ वंशों को उनके पालकों द्वारा मुख्य मार्ग पर छोड़ दिया जाता है, जिससे सड़क दुर्घटना में गौ वंश को व जनमानस जो मार्ग पर आवागमन करते हैं उनके जान पर बन आती है।

- गौ वंशों की उचित व्यवस्था से घटेगा सड़क हादसा

**गौ सेवकों पर विशेष अपील :** भाटापारा में संचालित गौ उपासना सेवा समिति के प्रमुख सदस्यों का प्रशासन से विशेष आग्रह हैं कि ऐसे स्थिति में गौ वंशों की उचित व्यवस्था करनी आवश्यक है, जिससे ऐसे सड़क दुघर्टना का निवारण हो सके। गौ सेवकों द्वारा जानकारी दी गई कि उनके द्वारा हर दिन दुर्घटना ग्रस्त गौ वंश का उपचार किया ▶▶ शेष पेज 13 पर



## पटवारी हल्के का समस्त प्रभार राजस्व निरीक्षक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

जिले में कार्यरत पटवारियों के 12 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधित समस्त काम प्रभावित हो रहे हैं। इससे आम जनता का राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित नहीं हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने हड़ताल में सम्मिलित पटवारी के हल्के का समस्त प्रभार राजस्व निरीक्षक को सौंपा है और पालन प्रतिवेदन तत्काल कार्यालय कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ कार्यालय को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। इस आशय का पत्र ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जारी किया है। अपने पत्र में कलेक्टर साहू ने राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सूचना पत्र 7 जून एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसीलदारों से प्राप्त प्रतिवेदन को संदर्भ किया है।



## तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष बने मुन्ना यादव, सदस्यों का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश कमेटी ने निर्णय कर तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष पद पर व कार्यकारिणी गठन का नियुक्ति मनोनित किया गया।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रदेश स्तर प्रदेश पदाधिकारी की बैठक महादेव घाट रायपुरा के श्री राधेकृष्ण मंदिर के यादव छात्रावास में हुई।

इस प्रदेश स्तर बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष पद पर व कार्यकारिणी सदस्य की भी नियुक्ति कर मनोनित किया गया। इसमें जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश महामंत्री शिवकुमार यादव भाटापारा की अनुशंसा व जिला उपाध्यक्ष नारांतक यादव, टोनाटार के अनुशंसा पर मुन्ना यादव चंदली को तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति मनोनीत किया गया व साथ ही कार्यकारिणी सदस्य का गठन कर नियुक्ति मनोनीत की गई, जिसमें मुन्ना यादव-अध्यक्ष चंदली, शोभाराम यादव उपाध्यक्ष लेवई, मुनीराम यादव उपाध्यक्ष चंदली, श्री रूपराम यादव-उपाध्यक्ष गुड़ेलिया, पुरूषोत्तम यादव-सचिव तरेंगा, जोहन सिंह यादव-कोषाध्यक्ष चंदली, हृदय यादव उप लेखापाल तरेंगा, कमलेश यादव-सह सचिव भाटापारा, रवि यादव-लेखापाल भाटापारा, रतन यादव-संगठन मंत्री लेवई, जोगीराम यादव-सलाहकार गुड़ेलिया, श्री हीराराम यादव-राजपंच खपरी, हरिराम यादव-चपरासी सिंगारपुर, मनाराम यादव-राजपंच सिंगारपुर, रामचंद यादव-देवान लेवई, रमेश यादव-कार्यकारणी सदस्य भाटापारा, सुरेश यादव ▶▶ शेष पेज 13 पर

### समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

बैठक में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, जिलाध्यक्षगण एवं तहसील ब्लॉक के अध्यक्ष पदाधिकारी, यादव बंधु सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम श्री राधेकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात आजीवन सदस्यों की पहचान पत्र आई कार्ड व प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। इस बैठक में सामाजिक नियमावली का अध्ययन व सामाजिक नियमावली संविधान के अनुसार दिशा निर्देशों को पालन करना, आने वाले भविष्य के बैठक आम सभा में, सामाजिक नियमावली संविधान में, कुछ संशोधन भी किया जाना है व सामाजिक नियमावली संविधान के विरूद्ध किसी भी प्रकार के यादव बंधु द्वारा नियम विरूद्ध कार्य करना, यादव समाज को कार्य करने के लिए प्रेरित करना ऐसे यादव बंधु के विरूद्ध कठोर सामाजिक नियमावली संविधान उल्लंघन की कार्रवाई भी की जावेगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**बारिश होने से पहले सब्जी के दाम बढ़े, ग्रामीण हुए परेशान**

# जिले में प्री मानसून ने दी दस्तक, लुढ़केगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बस्तर के कुछ इलाकों में दस्तक देने के बाद मानसून थम सा गया था, किंतु मंगलवार को जिले में मानसुन ने दस्तक दी। इसके चलते नगर में काफी देर तक गरज चमक के साथ बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार अंचल में मानसून पूर्ण रूप से सप्ताह अंत तक आ जावेगा। हालांकि आज भी जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश की संभावनाए जताई जताई गई है। इधर मानसून के दस्तक देने से अब दिन के तापमान यानि अधिकतम पारा का नीचे आने का दौर शुरू हो चुका है। मंगलवार को पारा 40 डिग्री पर रहा, अधिकतम पारा में कल से 3 से 5 डिग्री तक गिरावट संभव है।



प्रदत्त जानकारी के अनुसार मानसुन को आगे बढ़ने के लिए अनुकुल परिस्थितियां बनी हुई है। अगले चार पांच दिनों में प्रदेश और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है।

### सब्जियों के दाम में उछाल

जून में मौसम में तब्दली का दौर जारी है। हल्की फुल्की बारिश एवं शाम तेज हवाओं के बाद भी उमस भरी गर्मी का माहौल है। मौसम के उतार चढाव के साथ ही इसका असर सब्जी बाजार में देखा जा रहा है अधिकांश सब्जियों के दाम लगभग 40 रुपए किलो तक बनी हुई है। सब्जी व्यवसायियों के मुताबिक इन दिनों पूर्व की अपेक्षा आसपास के बाडियों से सब्जियों की आवक कम हाने लगी है। वहीं मौसम के चलते अब सब्जियों के दाम में भी उछाल है। सब्जी व्यवसायियों के अनुसार टमाटर लगभग 35–40, भिन्डी 40, बरबट्टी 80 से 90, कटहल 40, लौकी 30, पत्ता गोभी 40, तोरई 40, आलू 30, प्याज लगभग 35–40 रूपए किलो तक बिक रही है।



**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### छग राज्य सड़क परिवहन निगम के तत्काल गठन की मांग

**रायपुर।** लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगुन मेघवानी ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का तत्काल गठन करने की मांग सरकार से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेघवानी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य परिवहन का गठन न होने से गरीबों और आम जनता को अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट वाहन मनमाने ढंग से अपनी गाड़ियों का संचालन करते हैं, आए दिन सड़क पर प्रतिस्पर्धा के चलते खून-खराबा पिछले 20 साल से देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन सरकार करे, ताकि सड़क पर वाहनों की एकरूपता प्रदेश व अन्य प्रदेशों में देखी जा सके, जो पूर्व में थी। उन्होंने कहा कि छग में पिछले 20 सालों से स्थापित सरकारों द्वारा छग राज्य सड़क परिवहन निगम की अनदेखी की जा रही है। परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सरकारों की अतिआवश्यक सेवा में आते हैं और छत्तीसगढ़ में ये तीनों व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### महेश फिर बने गुप्ता समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई, भुंजवा, भुजी, गुप्ता समाज कल्याण रायपुर समिति द्वारा रविवार को आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोल चौक स्थित श्री राधा निकुंज रोहिणीपुरम में किया गया, जिसमें नवगठित पदाधिकारी का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक पूरनलाल गुप्ता ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख सलाहकार एवं उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, सचिव विजय गुप्ता, सहसचिव अनिल कश्यप, रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार मंत्री सुनील गुप्ता, महेश कश्यप, हरि कश्यप, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, विधि सलाहकार आकाश गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### गुरु टेऊंराम महाराज के चालीसा पाठ में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में मंडलाचार्य गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 138वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 1 जून से 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में इस बार कानपुर से संत भोलाराम महाराज आए हुए हैं। इस संबंध में आश्रम के सेवादारों ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम द्वारा घर-घर चालीसा महोत्सव में प्रतिदिन पालकी निकालकर टेऊंराम महाराज का चालीसा पाठ और भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रात्रि में भजन-संध्या के आयोजन से शुरू हुई, जो अभी भी पूरे भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा और भी कई अन्य देशों में भी होती है। प्रेमप्रकाश आश्रम का प्रमुख आश्रम जयपुर शहर राजस्थान में है, वहां भी प्रतिदिन नियमित रूप से चालीसा का पाठ किया जाता है।

# मंडियों में पहुंच रहीं स्टोरेज सब्जियां, क्वालिटी सही नहीं, दाम भी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर की थोक मंडियों में इन दिनों दूसरे राज्यों से ज्यादातर सब्जियां पहुंच रही हैं। इनमें स्टोरेज की गई सब्जियां होने के कारण इसकी क्वालिटी भी सही नहीं है। टमाटर के भाव चिल्हर में 60 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। 60 रुपए किलो मिल रहे टमाटर की क्वालिटी भी अच्छी नहीं आ रही है।

हरिभूमि सरोकार

कई दिनों बाद स्टोरेज से बाहर निकाले जाने के कारण टमाटर कुछ पीले और दाग लगे आ रहे हैं, जिसके कारण इनका स्वाद भी बदला हुआ लग रहा है। आमतौर पर हर सब्जी में टमाटर का उपयोग किया जाता है, इसलिए मजबूरी में लोगों को न चाहते हुए भी ज्यादा दाम देकर निम्न क्वालिटी के टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। टमाटर के अलावा बैंगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, बरबट्टी, भिंडी सहित ऐसी कई सब्जियां हैं, जिसकी क्वालिटी अभी सही नहीं आ रही है, जबकि इनके भाव आसमान पर है।

### ट्रकों में भरकर आती हैं इसलिए भी हो रहीं खराब

इधर थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि स्टोरेज के साथ सब्जियां ट्रक में कैरेट या बोरे में भरकर आती हैं। इसके कारण सब्जियां दब जाती हैं, जिससे इनकी क्वालिटी में फर्क दिखाई देता है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में क्वालिटी में और गिरावट आ सकती है। बारिश का पानी पड़ने के कारण सब्जियां जल्दी सड़ने लगती हैं। इस कारण बारिश के सीजन में सब्जियों को ज्यादा समय तक स्टोरेज कर रखा नहीं जा सकता।



### 20-30 रुपए किलो की सब्जियां 60 से 80 रुपए तक

माहभर पहले 20 रुपए प्रति किलो बिकने वाली सब्जी पत्तागोभी, लौकी, भाटा की कीमत अब बढ़कर 50-60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा कुंदरू, करेला, शिमला मिर्च, बरबट्टी आदि सब्जियां भी 30-40 से बढ़कर 80 रुपए किलो तक हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़े हुए हैं।

### वन विभाग ने बिजली विभाग के खिलाफ दर्ज की पीओआर

# करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली विभाग की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरजपुर परिक्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हाथी की करंट लगने से मौत के मामले ने बिजली विभाग की पोल खोल कर रख दी है। हाथी की करंट से मौत बिजली खंभा गिरने से उसमें लगे हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से हुई है। हाथी पर जो सीमेंट का बिजली खंभा गिरा था, उस खंभा के नीचे बोल्डर का जो बेस देना था, वह नहीं था। खंभा को मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया था। दो हाथी आपस में द्वंद्व कर रहे थे या खेल रहे थे, इस दौरान एक हाथी बिजली खंभा से टकरा गया और खंभा उस पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की करंट से मौत होने पर बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। बिजली विभाग के अफसर ग्रामीणों द्वारा बिछाए करंट की चपेट में आने से मौत होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। गौरतलब है कि ग्रमीणों द्वारा हाईटेंशन वायर से हुकिंग कर बिजली चोरी करने पर बिजली विभाग के अफसरों को हुकिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन विभाग किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करता।

**सीमेंट पोल के नीचे बोल्डर का बेस नहीं देने की वजह से हाथी पर हाईटेंशन वायर वाला पोल गिरा**



### बिजली पोल लगाने का यह है नियम

शहरी क्षेत्र में जो बिजली पोल लगाया जाता है, वह लोहे का होता है। लोहे के पोल को लगाने के लिए कंक्रीट तथा सीमेंट का बेस दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में सीमेंट का पोल लगाया जाता है। सीमेंट का पोल लगाने बेस देने बोल्डर का बेस दिया जाता है। शहर में पोल लगाते समय सीमेंट तथा कंक्रीट का बेस दिया जाता है, लेकिन ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र तथा वनक्षेत्र हैं, जहां से हाईटेंशन वायर लगाया जाता है। उन क्षेत्रों में सीमेंट पोल लगाने नियमों की अनदेखी की जाती है।



### विद्युत मंडल के खिलाफ पीओआर

सूरजपुर फॉरेस्ट एसडीओ अनिल सिंह के मुताबिक विद्युत मंडल द्वारा विद्युत लाइन विस्तार के दौरान गाड़े गए विद्युत खंभे को मजबूती प्रदान करने बेस नहीं दिया गया था। यही वजह है कि मामूली टक्कर में विद्युत खंभा धराशायी हो गया और बिजली करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से

राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक 180 हाथियों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से हुई है। जिन हाथियों की बिजली करंट से मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर हाथी हाईटेंशन वायर की चपेट में आकर मरे हैं। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने हाथियों को करंट से बचाने वर्ष 2018 में बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने वन विभाग से 1674 करोड़ रुपए की मांग की थी, इस पर वन विभाग ने बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने तथा नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने को बिजली विभाग की जिम्मेदारी बताकर पैसा देने से इनकार कर दिया।

# खाद्य घोटाले में संलिप्त अफसरों पर गिर सकती है गाज

- खाद्य अधिकारी संघ ने विधानसभा अध्यक्ष और समिति के सभापति से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य घोटाले को लेकर विधानसभा की जांच समिति की घोषणा के बाद खाद्य संचालनालय के अफसर सक्रिय हो गए हैं। समिति की पहली बैठक अगले माह के पहले सप्ताह में हो सकती है। उसके पहले प्रदेश की राशन दुकानों में पाई गई कमी और अन्य रिपोर्ट भेजने जिला प्रशासन को लिखा गया है। पूरे मामले में जिस प्रकार से गलत तरीके से कोटा जारी करवाया गया, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर जांच शुरू होने के पहले गाज गिर सकती है।

उनका कहना है कि विधानसभा समिति को जांच से भटकाने और खाद्य निरीक्षकों द्वारा हर महीने घोषणापत्र में बचत स्टॉक होने की जानकारी देने के बावजूद संचालनालय के अपर संचालक, संचालक खाद्य को भ्रमित कर कोटा जारी करवाते रहे। 600 करोड़ रुपये का चावल आज भी राशन दुकानों में है, लेकिन निरीक्षकों पर दबाव डाल कर बाजार से बोगस चावल खरीदी करवाया जा रहा है। इसे प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में केवल राजस्व वसूली का ही विकल्प है। किसी भी राशन दुकानदार से आज तक कोई वसूली नहीं हो पाई है, उल्टा नियम विपरीत राजस्व वसूली के खिलाफ कवर्धा, कांकेर, बस्तर, जशपुर जिले का मामला कोर्ट तक पहुंचा है।

### निरीक्षकों पर डाला जा रहा दबाव

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में साल में एक बार भौतिक सत्यापन का कोई नियम नहीं है, बल्कि हर महीने घोषणापत्र में राशन दुकान में बचे खाद्यान्न की जानकारी मिल जाती थी। फरवरी 2022 में तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब कर दिया गया है। खाद्य निरीक्षकों से पिछले तीन महीने का घोषणापत्र सही है, का माड्यूल में जबरन एंट्री कराई जा रही है। जब घोषणापत्र ही नहीं है, तो खाद्य निरीक्षक किस घोषणापत्र के सही होने की एंट्री करेगा?

### यह बताया जा रहा कारण

खाद्य संचालनालय के अपर संचालक विभागीय और भौतिक सत्यापन में अंतर की चिट्ठी संचालक से जारी करवा रहे हैं, जिसमें 14.03 लाख मीट्रिक टन चावल, 33 हजार क्विंटल शक्कर का अंतर है। अंतर के लिए तकनीकी कारण, डेटा अपलोड और राशन दुकानों के केस बनने का हवाला दिया गया है।

### संलिप्त अधिकारी को हटाने की मांग

सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी रमेश चंद्र गुलाटी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधानसभा समिति के सभापति पुन्नू लाल मोहिले, सदस्य राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी से मिलकर अपर संचालक को जांच के पहले हटाने की मांग की है। उनके रहते निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती। खाद्य विभाग के सचिव वी राजू और संचालक जितेंद्र शुक्ला को भी ज्ञापन देकर घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारी को हटाने की मांग की है।

# स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया छग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में आयोजित था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी मास्टर 40 वर्ष से अधिक में 48 किलो में प्रथम शकुंतला सिंह, 53 किलो में संजीदा खातून प्रथम, 57 किलो में कमला देवी मंगतानी प्रथम, 57 किलो से अधिक में गायत्री बोराट प्रथम रहीं। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 48 किलो में सुचित्रा शर्मा प्रथम, 53 किलो में मुस्कान देवांगन, 58 किलो में सलिता पंडिया, जूनियर वर्ग 48 किलो में सुमन मरकाम प्रथम, 57 किलो में वर्षा चौहान प्रथम, सब जूनियर वर्ग में 48 किलो में जया साहू प्रथम, 53 किलो में निशी, पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग में महेश कुमार आजाद प्रथम, रोहित कुमार चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला साथ में बलदेव एजेंसी के मालिक सुनील सोनू ने किया। इसी दौरान पुरस्कार वितरण प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय, चंद्रदीप भारती, माताशरण साहू थे।

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी साढ़े पांच माह में 80 का रेरा में पंजीयन

- बीते साल 137 योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीयल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक साढ़े पांच माह में 80 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रीयल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रीयल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रीयल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। सालभर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

- बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं
- महंगे घरों पर ज्यादा फोकस इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा



### 2022 में 273 योजनाओं का रिकॉर्ड

रीयल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना, उनको रेरा में पंजीयन कs बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोनाकाल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद बीते साल 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

### *अब तक 80 योजनाएं*

*नए साल 2024 की पहली छमाही में अब तक 80 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। मई में 12 और जून में अब तक 8 नई योजनाएं आईं हैं। कुल मिलाकर अब तक 80 नई योजनाएं आईं हैं। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेशभर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। पिछली सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी, जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।*

# मोदी की गारंटी पर अमल करने कर्मचारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है।

फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने वित्तमंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिन करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत



मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों के समर्थन में डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्तमंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांगपत्र भी सौंपा।

**राज्य बनने के बाद हुए पांच चुनाव में जीत कर सदन में पहुंचे**

# छग बनने के बाद पहली बार सदन में नहीं होंगे बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पिछले छह विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में बतौर विधायक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले .बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद विधायक पद से सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को इस्तीफा दे दिया। राज्य बनने के बाद यह पहला मौका होगा कि वे छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदन में नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य बनने के बाद हुए पांच विधानसभा चुनाव में लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। राज्य बनने के दौरान विपक्ष में रहे और जनहित के मुद्दों में अपनी बात प्रमुखता से उठाते रहे। 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की, सरकार बनने पर बृजमोहन अग्रवाल कैबिनेट मंत्री बने। उसके बाद



लगातार दो चुनावों में भाजपा ने सरकार बनाई उसमें भी वे कैबिनेट मंत्री रहे। रमन सरकार में वे लगातार 15 साल तक कैबिनेट मंत्री के पद पर काम करते हुए विभिन्न विभागों का दायित्व संभाला। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला, तब भी बृजमोहन अग्रवाल विधायक के रूप में सदन में रहे। 2023 के चुनाव में विष्णुदेव सरकार बनने पर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। पार्टी ने विधायक के तौर पर उनके सुदीर्घ अनुभव को देखते हुए 2024 में लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा से चुनाव लड़ाया। उन्होंने प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीतकर सांसद चुने जाने के 14 दिन बाद विधायक का पद छोड़ा। अब उनकी कमी सदन में खलेगी।

### आठ बार रहे विधायक

बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पांच बार विधायक रहे, उसके पहले वे मध्यप्रदेश विधानसभा के तीन बार सदस्य रहे। वे ऐसे पहले विधायक थे जिन्होंने राज्य बनने के बाद से विधानसभा के हर सत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के कारण उनका पार्टी में अलग मुकाम है। मध्यप्रदेश के विधानसभा में पटवा सरकार के समय पहली बार उन्हें मंत्री बनाया गया था।

# टाइटन टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में टाइटन इलेवन रायपुर ने सीएसके बेमेतरा को 8 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए टाइटन ने अभिजीत की 14 गेंदों पर 34 रन के साथ कुल 114 रन बनाए। रनों का पीछा करते हुए बेमेतरा की टीम ने 106 रन बनाए। टाइटन टीम के प्रवेश ने 3 विकेट लिए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज टिम्बरलैंड टीम के संकल्प श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री



बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा ने पारितोषिक वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

अंत में आयोजक राहुल श्रीवास्तव और अतुल श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# खबर संक्षेप



## पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक संघ की बैठक

**रायपुर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व मे 15 जून को कलेक्ट्रेट गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में संघ की मुख्य मांग पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई। संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी ब्लॉक एंव जिलों के जन-प्रतिनिधि, विधायकों और सांसदों से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष सहित नारायण सोनी, दिनेश सिंह, नवीन चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर, हजरत अली व अन्य शामिल हुए।

## खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से चालक की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में रोड पर खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा निवासी गुरजीत सिंह शुक्रवार देर रात अपनी ऑटो में सिमगा से रायपुर लौट रहा था। मेहंदी ओवरब्रिज के पहले चरोदा मोड़ के पास हाईवा सीजी-12 एस-2601 के चालक ने बीच रोड पर हाईवा खड़ी कर दी थी, जिसे ऑटो चालक नहीं देख पाया और ऑटो हाईवा से भिड़ गया। टकराने की वजह से गुरजीत सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## शराब दुकान के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान के शराब दुकान के पास मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। देशी शराब दुकान के पास जीतू धीवर पिता धनेश धीवर (32) निवासी लुकूपारा कोमाखान के साथ आरोपी त्रिथाकर यादव पिता शंभु यादव (25 साल) निवासी वार्ड 2 कोमाखान ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की।

# निजी अस्पतालों के स्पष्टीकरण में खेद भी, रिपोर्ट तैयार, कुछ पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना से मरीजों के इलाज के मामले में कुछ और अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना है। अनियमितता की शिकायत पर पेश किए गए दस्तावेजों की जांच कमेटी ने पूरी कर ली है। नोटिस के दौरान



## आयुष्मान योजना में गड़बड़ी का मामला

### दुर्ग व राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी

स्टेट नोडल एजेंसी ने जून के शुरुआती दिनों में इस गड़बड़ी के नाम पर दुर्ग और राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी और 28 को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। अस्पतालों ने अपने जवाब के साथ मरीजों के इलाज से संबंधित दस्तावेज भी सौंपे थे। इस दौरान उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया था, उसमें कई अस्पतालों ने खेद भी प्रकट किया था। इन दस्तावेजों की स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने जांच की और रिपोर्ट तैयार कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। स्टेट नोडल एजेंसी के उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के अनुसार रिपोर्ट आला अधिकारियों के समक्ष पेश की जाएगी, जिसके आधार पर उन्हीं के द्वारा फैसला लिया जाएगा।

अस्पतालों ने अपना स्पष्टीकरण के साथ मामले में खेद भी प्रकट किया था।

सूत्रों के अनुसार जिन 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था, उन्होंने ओपीडी के मरीज को गंभीर दिखाकर आईसीयू में इलाज किया था। इसमें कुछ अस्पतालों ने यह गलती बार-बार दोहराई थी। ऐसे अस्पतालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के तैयारी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई क्लेम राशि को निरस्त करने के साथ जुर्माना तक हो सकता है।

# शिफ्टिंग के लिए जगह नहीं मिली, अटका कलेक्टोरेट और तहसील का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट में पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग और तहसील रायपुर की पांच मंजिला बिल्डिंग के प्रस्तावित निर्माण कार्य में लगातार रुकावटें आ रही हैं। विधानसभा चुनाव से लेकर सरकार बदलने और फिर लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने की वजह से इन दोनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। अब जब आचार संहिता खत्म हो गई है, तो कलेक्टोरेट स्थित एसपी कार्यालय और तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के लिए जगह नहीं मिलने के कारण इसका काम फिर अटक गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि दोनों भवनों की शिफ्टिंग के लिए जगह की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि तहसील और एसपी दोनों कार्यालय काफी महत्वपूर्ण होते हैं, जहां हर दिन बड़ी संख्या में आम लोग अपना काम लेकर पहुंचते हैं। तहसील में कोर्ट भी लगते हैं, इसलिए कार्यालय को शिफ्ट करने ऐसी जगह की तलाश की जा रही है, जिससे आम लोगों को वहां पहुंचने, बैठने या अन्य किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्वास्थ्य विभाग के भवन में तहसील कार्यालय को किया जा सकता है शिफ्ट

तहसील कार्यालय को तोड़कर यहां नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसके पहले तहसील कार्यालय को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाना है। तहसील कार्यालय के पीछे स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग में ही तहसील कार्यालय को शिफ्ट किए जाने की कवायद चल रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इसके अलावा दूसरा भवन भी तलाशा जा रहा है।

### बाधा बनी शिफ्टिंग जगह की तलाश




### सरकार बदलने के बाद वित्त विभाग से दोबारा प्रस्ताव को मंजूरी

विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बदलने के बाद कांग्रेस शासनकाल में जिन नये कार्यों के प्रस्तावों को प्रशासनिक स्वीकृति देकर उसके लिए राशि बजट में जारी की गई थी, उन सभी प्रस्तावों को दोबारा वित्त विभाग में स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इसमें जिले से कलेक्टोरेट और तहसील कार्यालय के प्रस्ताव को भी भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार वित्त विभाग से दोबारा दोनों प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है, जिसके बाद अब दोनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होना है।

### एसपी कार्यालय को पुराने जेल ऑफिस में किया जा सकता है शिफ्ट

कलेक्टोरेट की पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग एसपी कार्यालय भवन को तोड़कर बनाई जाएगी। बिल्डिंग के निर्माण से पहले एसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाना है। बताया जा रहा है कि शुरुआत में एसपी कार्यालय को पुराना जेल आफिस के खाली पड़े भवन में शिफ्ट करने की कवायद चल रही थी, लेकिन किसी कारण से इसे फाइनल नहीं कर दूसरे भवन की तलाश की जा रही है।

### 11 करोड़ में बनेगी तहसील बिल्डिंग

रायपुर तहसील बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग के लिए लगभग 11 करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृति दी गई है। यह बिल्डिंग भी हाईटेक रहेगी, जिसमें सारी सुविधाएं होंगी।

### 29 करोड़ की लागत से बनेगी नई कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग

कलेक्टोरेट की नई हाईटेक कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। इसमें एक तरफ कलेक्टोरेट और दूसरी तरफ एसपी कार्यालय होगा। नई कंपोजिट बिल्डिंग बनाने का प्लान वर्ष 2012 से चल रहा है, जिसे मंजूरी वर्ष 2023 में मिली। नई बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की बिल्डिंग 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। 134 वर्गमीटर एरिया में अफसरों के दफ्तर बनाए जाएंगे।

### टेंडर हुए 6 माह बीत चुके

पूर्व सरकार कांग्रेस के कार्यकाल में इन दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए डिजाइन तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। टेंडर प्रक्रिया को हुए 6 महीने बीत चुके हैं।

### शिफ्ट करने के लिए भवन की तलाश जारी

तहसील कार्यालय को शिफ्ट करने के लिए भवन की तलाश की जा रही है। नई बिल्डिंग बनने में एक-दो साल लग जाएंगे। इस दौरान आम लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखकर ऐसा भवन तलाश कर रहे हैं, जहां तहसील का अच्छे से काम हो सके।

*- नंदकुमार चौबे, एसडीएम रायपुर*

### एसपी कार्यालय खाली होते ही काम शुरू करेंगे

एसपी कार्यालय के खाली होने का इंतजार है। टेंडर पहले ही हो चुका है। खाली होते ही भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण शुरू हो जाएगा।

*- हेमंत अरोरा, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग*

# शहर में महिलाओं के लिए 4 स्थानों पर पिंक टायलेट एजेंसी तय करने टेंडर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर प्रसाधन सुविधा उपलब्ध कराने नगर निगम ने 4 स्थानों पर पिंक टायलेट बनवाया है। इसके संचालन के लिए 2 साल में पांचवी बार टेंडर की नौबत आई। पूर्व में किये गये चार बार के टेंडर में पिंक टायलेट संचालन व मेंटनेंस के लिए रिस्पांस नहीं मिलने के कारण नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने रीटेंडर किया है। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 6 माह पूर्व स्मार्ट टायलेट का संचालन कर रही एजेंसी को इसकी देखरेख का जिम्मा दिया गया है।

- **फीडिंग जोन दूध गर्म करने इलेक्ट्रिक चूल्हा, बर्तन की नि :शुल्क सुविधा**

रायपुर नगर निगम ने महिलाओं को निःशुल्क सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा दिलाने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पिंक टायलेट का निर्माण कराया है। इसके संचालन के लिए निजी एजेंसी तय की जायेगी, जो कि स्पॉट पर अपने उत्पाद का प्रचार प्रसार करने विज्ञापन लगाकर पिंक टायलेट का मेंटनेंस करेगी। नगर निगम को इसमें रत्तीभर खर्च नहीं आयेगा। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान ने बताया, 3 साल के मेंटनेंस की शर्त पर पिंक टायलेट का संचालन व देखरेख करने एजेंसी तय की जायेगी। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है।

### इन स्थानों पर बनाये गये हैं पिंक टायलेट

- शास्त्री बाजार के समीप
- खालसा स्कूल के सामने
- देवेन्द्र नगर में महालक्ष्मी मार्केट के सामने
- पंडरी क्लाथ मार्केट गेट नंबर 5 पिंक टायलेट में सुविधा इस तरह
- 2 वेस्टर्न, 2 इंडियन टायलेट
- फीडिंग जोन
- दूध गर्म करने इलेक्ट्रिक चूल्हा, बर्तन
- छोटा सा केबिन जहां बच्चे के साथ महिलाएं बैठकर लेट सकती हैं
- पैड मशीन

# विजन 2047 का रोडमैप बनाने की तैयारी, सरकार ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र में नई सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी विभागों के साथ मैराथन बैठक कर रहे हैं। साय सरकार को 6 महीने पूरे हो गए हैं, साथ ही विजन 2047 को लेकर रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विजन 2047 को लेकर काम शुरू कर दिया है। आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरुआत हो गई है।

- **आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरू**

राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों और विधायकों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने 30 जून तक सुझाव मंगाए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार किया जा रहा है। इसका जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। आयोग इस संबंध में सभी विभागों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ स्टील और सीमेंट उत्पादक होने के साथ ही कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और टिन जैसी बहुमूल्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। यहां के विकास में कैसे बेहत्तर उपयोग करें, इस पर भी विचार किया गया।



### एक नवंबर को जारी होगा डाक्यूमेंट

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को विजन डाक्यूमेंट 2047 जारी किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय बैठक में सभी विभागों से सुझाव आमंत्रित करने की प्रक्रिया जारी है। इसमें वन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना, यातायात, खेल, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, आदिवासी क्षेत्रों में विकास, जनजाति विकास, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, धर्मस्व एवं संस्कृति आदि विभागों से सुझाव मिलना शुरू हो चुका है।

### आम जनता से भी मांगे गए सुझाव

विजन 2047 को लेकर किस तरह से विकास कार्यों का चिन्हांकन हो, साथ ही संसाधनों का उपयोग कैसे हो कि राज्य के लोगों को इसका लाभ मिले। योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन स्तर उपर उठाया जा सकता है, ऐसे विषयों पर सुझाव दे सकते हैं।

# ट्रेन की लेटलतीफी से यात्रियों का मोहभंग, झुकाव लग्जरी बसों की ओर


## ओडिशा सहित लंबी दूरी के लिए चलने वाली बसों में पहले से टिकट बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेन की लेटलतीफी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रही है। ओडिशा से लेकर ज्यादातर मार्गों के लिए चलने वाली यात्री ट्रेन आठ से दस घंटे विलंब से चल रही है। इसके चलते ट्रेन से लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वाले यात्री बस से सफर कर रहे हैं। लंबी दूरी के लिए लग्जरी बस चलने की वजह से यात्रियों के लिए ट्रेन से ज्यादा सुविधाजनक बस हो गई है।

- **ज्यादातर यात्री यात्रा करने से एक दो दिन पहले ऑनलाइन बुकिंग करा रहे**

ओडिशा मार्ग पर बस संचालित करने वाले बस ऑपरेटरों के मुताबिक कटक, पुरी, भनेश्वर, संबलपुर सहित अन्य लंबी दूरी की शहर के लिए यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। यात्री ट्रेन से सफर करने के बजाय बस से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। बस ऑपरेटरों के मुताबिक ओडिशा रूट पर लंबी दूरी के लिए चलने वाली ज्यादातर बस एसी कोच तथा लग्जरी है। इस वजह से भी यात्री ट्रेन की जगह बस से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं।





### किराया भाड़ा में मामूली अंतर

अलग-अलग यात्रियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ट्रेन के माध्यम से रायपुर से भुवनेश्वर, कटक, पुरी जाने एसी थ्री टियर में एक हजार रुपए के करीब भाड़ा लगता है। एसी कोच वाली लग्जरी बस में भी करीब उतना भाड़ा लगता है। इस वजह से ट्रेन की अपेक्षा वे बस से यात्रा करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### सुबह 10 बजे तक सीट फूल

बस ऑपरेटरों के मुताबिक बस से सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक खास सुविधा यह है कि जिस मार्ग से बस निकलती है, यात्री बस स्टाप के अलावा कहीं अन्य स्टाप जहां बस रुकती है, वहां से बस में बैठ सकते हैं। बस ऑपरेटरों के अनुसार पूर्व में बस छूटने के आधा घंटा पहले तक बुकिंग होती थी। वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि सुबह 10 बजे तक बस की सभी सीटें ऑनलाइन बुक हो जाती हैं। ऐसी स्थिति इंदौर, नागपुर तथा हैदराबाद रूट पर चलने वाली बसों की भी है। ओडिशा मार्ग पर लंबी दूरी के लिए रायपुर से डेढ़ दर्जन से ज्यादा एसी कोच वाली लग्जरी बसें संचालित हो रही हैं।

### समय में पहुंचने की गारंटी

ओडिशा से आए बस यात्री विश्वजीत के मुताबिक ट्रेन की टाइमिंग का कोई ठिकाना नहीं होने की वजह से वह बस से आवाजाही कर रहे हैं। विश्वजीत के मुताबिक पूर्व में वह ट्रेन से यात्रा करते थे, लेकिन पिछले कई महीनों से ट्रेन लेट होने के साथ रद्द हो रही है। इसके कारण विश्वजीत ने बस से आने की बात कही। विश्वजीत के अनुसार बस से आवाजाही करने पर समय पर पहुंचने की गारंटी है।

### रात्रिकालीन बस सेवा होने से राहत

एक अन्य यात्री हिमांशु के मुताबिक उनका अपने काम के सिलसिले में रायपुर आना-जाना लगा रहता है। हिमांशु के मुताबिक उसके लिए ट्रेन से आवाजाही करना ज्यादा सुविधाजनक है। एक साल से ज्यादा समय से समय बेसमय ट्रेन की कैंसिल होने के साथ ही समय पर नहीं चलने की वजह से उसका ट्रेन से मोहभंग हो गया। हिमांशु के मुताबिक ओडिशा के लिए रात्रिकालीन बस सेवा होने की वजह से राहत है। हिमांशु के अनुसार अब वह ट्रेन के बजाय बस से रायपुर आवाजाही कर रहे हैं। हिमांशु के अनुसार ओडिशा रूट पर लंबी दूरी के लिए चलने वाली ज्यादातर बसें सुबह साढ़े छह से सात बजे अपने निर्धारित स्टेशन पर पहुंच जाती हैं।

## ग्राम कारागुला में पांचों पांडव और कृष्ण की हुई पूजा, लगा मेला

# भीमसेनी एकादशी पर लगा मेला, जुटे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्राम कारागुला में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष भीम एकादशी मेला सोमवार को आयोजित किया गया। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव भ्राता भीमसेन, भगवान कृष्ण सहित माता कुंती, द्रौपदी, युधिष्ठिर, अर्जुन, नकुल एवं सहदेव की प्रतिमाएं स्थापित है। ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी रविवार को बाजे गाजे के साथ कलश शोभायात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर स्थल पहुंचे। जहां कलश यात्रा में ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद पांचों पांडव व भगवान कृष्ण की मंदिर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच लता कुम्हार, ग्राम पंचायत पंडरीपानी सरपंच चिंतामणी चंद्राकर, परकोम तीरथ पटेल, सरपंच प्रतिनिधि खट्टी सरपंच गोपाल किशन पटेल,



नवीन पटेल नर्रा एवं पुरोहित मोतीलाल तिवारी झलमला उपस्थित थे। पंडित द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूजा पाठ कर दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। रात्रि में खेमिनबाई निषाद का पंडवानी कार्यक्रम भी हुआ। वही सोमवार प्रातः 8 बजे से पूजा प्रारंभ गांव के बैगाओं द्वारा भीमसेन व भगवान कृष्ण की विधि विधान से पूजन अर्चन कर इस क्षेत्र के खुशहाली व भीम से अच्छी फसल की कामना की गई। इस दिन छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सहित दूर दराज से आए हुई दर्शनार्थी व श्रद्धालु नारियल फूल पान अगरबत्ती लेकर दर्शन व पूजन के लिए सुबह से लेकर शाम रात तक डटे रहे। मेले में अनेक प्रकार के दुकानें लगी रही। विदित हो कि इस मेले में दर्शनार्थी हजारों की संख्या में देखी गई। मेले का आनंद खूब लिए। मेला के आयोजन में ग्राम विकास समिति संयोजक व संचालक खोल बाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीताम्बर दीवान, श्रवण ठाकुर, भोलाराम निषाद, संतराम ठाकुर, धरमसिंह गैदराम, मनीराम दीवान, डाहर सिंह, दयालुराम, बलदेव, पुनाराम, कैलाश, नारायण, खामसिंह, मखियार, भगवानसिंह आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## पेज 11 के शेष

### जैतखाम तोड़ने वाले...

कांग्रेस के नेता शांति से ज्ञापन सौंपने जाने देने की बात कहते रहे, लेकिन भारी मात्रा में पुलिस ने उन्हें रोक कर रखा। आखिर में मौके पर उपस्थित तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कांग्रेसी वापस हुए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से पुलिस शांति से ज्ञापन देने जाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक रही है, यदि उसी तरह पुलिस प्रशासन 10 जून को असामाजिक तत्वों को रोक लेती, पवित्र गिरौदपुरी के समीप महकोनी में तोड़े गये वास्तविक अपराधियों को पकड़ लेती तो बलौदाबाजार जैसे शांत और सामाजिक सद्भाव वाले जिले की छवि को कलंकित करने से बचाया जा सकता था। लेकिन जिला प्रशासन की लापरवाही और निरंकुशता ने जिले के नाम को बदनाम किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस भयावह घटना के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को दोषी मानते हुए कहा कि साय सरकार पूरी तरह फैल हो गई है। बलौदाबाजार की घटना ने पूरे छत्तीसगढ़ को बदनाम किया है। लगातार कई दिनों से सोशल मीडिया पर बलौदाबाजार में विशाल आंदोलन किए जाने की बात होते रही, लेकिन इनका इंटेलीजेंट फैल रहा।

### तरेंगा राज भाटापारा ...

कार्यकारणी सदस्य भाटापारा, सुरेश यादव-नगर ईकाई अध्यक्ष भाटापारा, कामता यादव-नगर उपाध्यक्ष भाटापारा, फूलसिंग यादव-कार्यवाहक अध्यक्ष निपनिया, रामबिलास यादव-सहायक लेखापाल लेवई आदि शामिल हैं।

### लावारिश मवेशियों से ...

जाता है, कभी-कभी ऐसे मवेशियों के सड़क हादसे से समान्य जन मानस तक की जान चली जाती हैं।

**रात्रि कालीन स्टेट हाईवे पर होती परेशानी :** भाटापारा नगर से लगे समीप स्थित ग्राम में भी सभी मवेशियों को रोड पर छोड़ दिया जाता है जिससे वाहन चालकों को परेशानियां होती ह।

# क्रेशर खदान बंद कराने ग्रामीण हुए लामबंद, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखखंड कसडोल के समीपस्थ ग्राम कोट(क) के ग्रामीणों ने मंगलवार को अपने गांव में ही बैठक आहूत कर भारी संख्या में महिला-पुरुष इकठ्ठा होकर गांव में ही संचालित आशु स्टोन क्रेशर गिट्टी निर्माण एवं पत्थर खदान को बंद कराने एवं अवैध रूप से खनन पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। वहीं गांव में बैठक के दौरान तहसीलदार एवं थाना प्रभारी परिवेश तिवारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसानों की समस्या को समझते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन देते दिखे। अपने दिए गए स्वहस्ताक्षरित ज्ञापन में कोट(क) के ग्रामीणों ने बताया है कि हमारे ग्राम में नगर पंचायत कसडोल निवासी रमेश साहू पिता नंदलाल साहू द्वारा पत्थर खदान के अंतर्गत पत्थर खनन किया जाता है तथा क्रेशर मशीन से गिट्टी का निर्माण किया जाता है। कई किसानों के अन्य स्थान व खेत को अवैध तरीके से खुदाई कर खनन कार्य किया जा रहा है। हमारे ग्राम कोट (क) में उक्त गिट्टी खदान के संचालन से कृषि भूमि पर फसल नहीं हो पा रही है, जमीन बंजर हो रही है। अधिक गहराई तक अवैध खनन होन के कारण आस पास के किसानों के खेत में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है, जिससे खेत में सुखा अकाल पड़ने की संभावना बनी रहती है। क्रेशर मशीन के धूल से फसल खराब एवं अन्य प्रकार के बीमारियां उत्पन्न हो रही है। साथ ही साथ धूल के कारण लोगों की तबीयत भी अत्यधिक खराब हो रही है। यह कि उक्ताशय के संबंध में हम ग्रामवासियों द्वारा पूर्व में भी तत्कालिक जिलाधीश के समक्ष शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसमें संबंधित कर्मचारियों द्वारा जांच कार्रवाई की गई, किन्तु ग्रामवासी उक्त जांच कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है।

## खदान के चलते जमीन हो रही बंजर, किसान परेशान

### जांच दल का गठन होगा

मैं और थाना प्रभारी कसडोल मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की है, जिसे एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर के पास पर्यावरण और खनिज विभाग को पत्र भेजकर जांच दल गठन के लिए लिखा गया है।
**-विवेक पटेल,** तहसीलदार, कसडोल





### जांच दल ने उपजाऊ एवं सिंचित भूमि को बंजर बताया

जांच दल द्वारा उपजाऊ एवं सिंचित भूमि को बंजर भूमि बताया जा रहा है। जबकि हमारी भूमि सिंचित एवं उपजाऊ भूमि है। हम ग्रामवासी रमेश साहू पिता नंदलाल साहू (संचालक आशू स्टोन क्रेशर) के रवैये एवं कार्य से अत्यधिक मानसिक रूप से परेशान है। उनके इस कृत्य से हम समस्त ग्रामवासी के किसानों के परिवार को रोजी-रोटी की तलाश दूसरे राज्य जीवकोपार्जन के लिये जाना पड़ रहा है। हमारे गांव का तालाब का पानी पूरी तरह सुख रहा है, जिससे लोगों को निस्तारी की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। वही इसकी प्रतिलिपि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, कृषि मंत्री, खनिज मंत्री, जिलाधीश, अनुविभागीय अधिकारी व थाना प्रभारी कसडोल को दी है। इधर आशु स्टोन क्रेशर के संचालक से जब मीडिया ने बात करना चाहा तो उनका मोबाइल आउट ऑफ कवरेज रहा।

## खबर संक्षेप

### डमरू में निःशुल्क योग शिविर जारी

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं संचालनालय आयुष छ.ग. के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्राम डमरू में किया जा रहा है। इसमें गांव के छात्र–छात्राएं, पुरुष हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील डॉ. एलएस ध्रुव, योग प्रशिक्षक सुशील जायसवाल, सावित्री योगी, रामलाल साहू, नंदकुमार साहू, योगेन्द्र गेंडरे, भरत साहू, गजानंद साहू आदि उपस्थित थे।

### आईटीआई कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 20 को

**मुड़पार/सरसीवा।** आईटीआई सरिया में शिक्षित बेरोजगारों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। इस आईटीआई सरिया में इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं प्लंबर जनरल में आठवीं पढ़ाई करने वाले आवेदक पात्र माने जायेंगे। इस कोर्स के लिए काउंसिलिंग जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में 20 जून को सुबह 10 बजे निर्धारित की गई है। इस प्रशिक्षण को सीखने के इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि 20 जून को सुबह 10 बजे अंक सूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होंगे। आवेदक को इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं प्लंबर जनरल में प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम योग्यता आठवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसी प्रकार डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं फिटर फैब्रिकेशन में प्रशिक्षण हेतु आवेदक का न्यूनतम योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

## लापरवाही : जानकारी के बावजूद पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

# प्रदूषण जांच के नाम पर दोपहिया वाहनों से हो रही अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

थाना सरसीवां क्षेत्र में पिछले दो सालों से वायु प्रदूषण जांच के नाम पर दो पहिया वाहन चालकों से अवैध वसूली का खेल चल रहा है। जहां सरसीवां थाना क्षेत्र में आये दिन सारंगढ़ रोड, भटगांव रोड और सराईपाली रोड के नारबंद के पास आये दिन वायु प्रदुषण जांच करने वाली ईक्को गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी कर वायु प्रदूषण में काम करने वाले लोगों द्वारा सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर आने जाने वाले मोटरसाइकिल वालों को जबरन रोक कर मोटरसाइकिल के सामने वायु प्रदूषण का स्टीकर लगा कर 50 जबरदस्ती लिया जाता है। विगत शनिवार को नारबंद के पास वायु प्रदूषण की गाड़ी को खड़ी कर वायु प्रदूषण में काम करने वाले लोग कमाने खाने जाने वाले पति–पत्नी को रोक कर जबरन मोटरसाइकिल के सामने वायु प्रदूषण का स्टीकर लगा कर 50 रुपए लिया गया, जबकि देहातों से रोजाना कमाने रोज सरायपाली, सागर पाली, बसना, भंवरपुर आदि जगहों पर काम पर क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है। यहां तक कि किसी भी मोटर साइकिल चालकों के पास अगर कुछ कारण से पैसा नहीं रहता है तो उस मोटरसाइकिल चालक को अपने घर से पैसा मंगाने बोला जाता है या फोन पे करने कहा जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार वायु प्रदूषण जांच करने वाली गाड़ी मालिक द्वारा जिले के सभी थानों में संपर्क बनाए हुआ है। इसी के चलते आज सरसीवां थाना क्षेत्र में अवैध वायु प्रदूषण जांच करने के नाम पर सड़कों में दुकान लगाई जाती हैऔर वायु प्रदूषण जांच करने के नाम से वाहन चालकों से अवैध वसूली की जा रही है।

वायु प्रदुषण जांच करने वाली ईक्को गाड़ी क्रमांक सीजी 11 ए डब्लू 3400 पर वायु प्रदूषण जांच परिवहन लिखा है, जबकि इनके पास राज्य अथवा जिले के परिवहन विभाग से कोई भी शासकीय आदेश नहीं है। इनकी वाहन ईक्को में वायु प्रदूषण जांच की मशीन के अलावा लैपटाप व प्रिंट करने का प्रिंटआउट का मशीन है। जांच उपरांत दो पहिया और चारपहिया वाहनों का प्रदूषण जांच करने का प्रमाण पत्र दिया जाता है। मानो ऐसा लगता है कि राज्य परिवहन वाले वायु प्रदूषण जांच करने का लायसेंस दे रखे हो, तभी आज सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सभी थाने क्षेत्र में वायु प्रदूषण की अवैध दुकान लगा कर आने जाने वाले राहगीर मोटरसाइकिल चालकों से अवैध वसूली करते फिर रहे हैं। फिर भी कोई थाने वाले इन पर कार्रवाई नहीं करते और नजर अंदाज करते चले जा रहे हैं। अंचल के लोगों ने ऐसे अवैध तरीके से वसूली करने वाले के काम को बंद करने की मांग की है।

### नारबंद के पास चला रहा यह अभियान



### जांचकर्ताओं के पास शासन का कोई आदेश नहीं

वायु प्रदूषण जांच करने वाली ईक्को गाड़ी में बकायदा वायु प्रदूषण जांच परिवहन लिखा है। जबकि इनके पास छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन विभाग से कोई भी शासकीय आदेश नहीं है। वायु प्रदूषण जांच करने वाले शासकीय कागजात दिखानें बोलने पर भी कोई पेपर नहीं दिखाया जाता। वायु प्रदूषण जांच करने के नाम से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विगत दो सालों से ये काला खेल मोटरसाइकिल चालकों से अवैध वसूली का काम चल रहा है और यह खेल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरसीवां थाना क्षेत्र में वायु प्रदूषण की दुकान लगा कर अवैध वसूली का काम कर रहे हैं। फिर भी आज तक सरसीवां पुलिस इन पर कार्रवाई नहीं कर पा रही हैं।



# गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर दीप यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर सिमगा ब्लॉक के ग्राम हिरमी में गायत्री प्रज्ञा पीठ द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें साधकों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोक व विश्व कल्याण की कामना करते हुए गीत संगीत के माध्यम से प्रेरणा गीत गाकर लोगों को प्रेरित किया। वहीं धरती पर गंगा के अवतरण व गायत्री माता की जयंती के विषय में विस्तार से बताया गया। उक्त कार्यक्रम से गायत्री महामंत्र व आरती से आस–पास वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ग्राम हिरमी, कुथरौद सहित महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### गायत्री जयंती पर महायज्ञ हुआ

**खरोरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में मां गायत्री शक्ति पीठ खरोरा द्वारा रविवार को पं. राम शर्मा आचार्य के 24वें महाप्रयाण दिवस, गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती पर श्री वेद माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा एवं पांच कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। विधि विधान से श्रीवेद माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा की गई एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया। इसमें नगर के सभी श्रद्धालु सहित समस्त ग्रामवासी खरोरा केसला उपस्थित थे। यह हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हस्त नक्षत्र में भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पोषक मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगाजी में डुबकी लगाने का बहुत अधिक महत्व है। इसके अलावा इस दिन मां गंगा की पूजा और आरती भी की जाती है। ऐसा करने से व्यक्ति को समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है और उसके जीवन में सुख–शांति और समृद्धि आती है। गंगा दशहरा का महत्व धार्मिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो इस दिन मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। मां गायत्री प्रज्ञा पीठ में विभिन्न संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुण्डन संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार, गर्भ धारण संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार इत्यादि गायत्री महायज्ञ हुआ।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

इस्लाम धर्म का त्याग, बलिदान और समर्पण का प्रतीक पर्व ईदुल अजहा बकरीद सिमगा एवं हथबंद के जामा मस्जिद में उल्लास के साथ मनाई गई। बकरीद की नमाज मौलाना मोहम्मद मुजाहिद हुसैन ने अता करवाई। अपने तकरीर में उन्होंने जीवन में बलिदान और समर्पण की महत्ता की व्याख्या की। नमाज में कौम के शांति अमन के लिए दुवा मांगी गई। लोगों ने एक–दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात किया गया था। इस मौके पर समाज के मुबारक हुसैन, रज्जाक खान, इनायत खान, ताज खान, रसीद खान, शमीम खान, इकबाल हुसैन, इमरान हुसैन, यासीन अली, इब्राहिम खान, अनवर खान, फैजल खान, मोहसिन खान, सलमान खान, वकील खान, अमीज खान, मुकीम अहमद, हकीम खान, जिशानखान, सुलेमान बेग, यासीन कुरैशी सहित अंचल के मुस्लिम भाई शामिल हुए।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला 7 जून का है। इलाज कराकर आने के बाद मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी बसंत बेहरा पिता मोहन बेहरा (28 साल) निवासी डूमरपाली ने बताया कि उसके ससुर ब्रह्मानंद तांडी की बाइक सीजी 06 जेडएफ 2482 को आरोपी बाइक क्र सीजी 06 जीजे 9468 के चालक अजय चौधरी ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मोहरा में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेदिक औषधालय मोहरा में पांच दिवसीय योग शिविर व योग प्रशिक्षण 17 से 21 जून आयोजित है। शिविर सुबह 7 से 9 बजे तक चल रहा है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि खम्हन लाल बघमार तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार कटरिया ने किया। इस योग शिविर में मोहरा के महिला, पुरुष बच्चे सभी को योग प्रशिक्षक प्रियंका वर्मा द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए गांव में मुनियादी करायी जा रही है। प्रशिक्षक ने बताया की योग शिविर को सफल बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की लगातार योगाभ्यास से विभिन्न प्रकार की बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसके लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है। सभी लोगो से अपील है की इस 10 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करें ।

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ा दरचूरा का तालाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम दरचूरा में अतिक्रमणकारियों के चलते तालाबों का अस्तित्व खतरे में है। यहां तालाब के पार को अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा करने से तालाबों का आकार दिनों दिन छोटा होते जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में निस्तारी की समस्या खड़ी होगी। वहीं गांव के शासकीय जमीनों को कब्जा करने लोगों की होड़ लगी है। अतिक्रमणकारियों द्वारा तालाबों में ही घर और व्यवसायिक परिसर बनाया जा रहा है। समुचित देखभाल के अभाव में लोग तालाबों के पारों पर अवैध कब्जे करते जा रहे हैं। गांव के शिवसागर तालाब, डबरी तालाब, इसके अतिरिक्त अन्य सभी तालाबों की स्थिति अवैध कब्जों के कारण काफी छोटा हो गया है। वहीं मेन रोड से हथबंद जाने वाली रोड के किनारे स्थित जमीनों में भी अवैध कब्जा किया गया है। हालात यह है कि गांव के बस स्टेंड में यात्री प्रतीक्षालय बनाने के लिए भी जगह नहीं बची है। दरचूरा जिस हिसाब से विस्तारित हो रहा है, उससे गांव के भीतर सरकारी जमीनों का अभाव हो गया है। जिसके चलते समुचित और विकास रूक सा गया है। वहीं पंचायत की उदासीनता के चलते तालाब जलकुंभी से पूरी तरह अटे पड़े हैं।

- आने वाले दिनों में खड़ी होगी निस्तारी की समस्या

## भीमसेनी एकादशी पर लोगों ने रखा व्रत, की पूजा-अर्चना

# भगवान विष्णु का गंगा जल से किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भीमसेनी निर्जला एकादशी का व्रत ग्रामीण भक्तों ने भावपूर्ण वाचन किए। यज्ञ हवन आदि किए, मंदिरों में पूजा पाठ किए। व्रत के दौरान यह बहुत ही कठिन व्रत माना जाता है। तेज धूप था भारी उमस पड़ रही था, परंतु शाम होते होते मौसम ने अपना मिजाज बदला। बरसात होने लगी उपवास धारियों को राहत मिला। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी व भीम एकादशी पांडव एकादशी के नाम से जाना जाता है।

व्रतधारीयो ने बताया निर्जला एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर स्वच्छ कपड़े पहनने के बाद व्रत का संकल्प लिए सबसे पहले घर के मंदिर में शुद्ध गाय के घी का दीप प्रज्वलित किए भगवान विष्णु का गंगा जल से अभिषेक करने के बाद फल– फूल और तुलसी पत्र अर्पित किए भगवान को सात्विक चीजों का भोग तुलसी दल के साथ लगाया गया। इसके बाद आरती किए और निर्जला एकादशी व्रत कथा पढ़ा गया। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही माता लक्ष्मी की भी पूजा की गई बहुत आनंद आया। सनातन शास्त्र में निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व है, अतः प्रत्येक सनातनी को निर्जला एकादशी के दिन संभव हो सके तो व्रत करना चाहिए। यदि इस दिन व्रत नहीं रख सकते तो इस दिन पवित्र आचरण रखें, सात्विक व पवित्र भोजन करें, विकारों से दूर रहें और अधिक से अधिक मौन का पालन करें, कम बोलें, भगवान नाम का जप करें और गौसेवा के निमित्त कुछ न कुछ दान अवश्य करें गौमाताओं को भोजन कराने से वह सीधा पितृलोक में पितरों को प्राप्त होता है जिसे ग्रहण कर के पितृ प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद देते है जिसके फल स्वरूप घर मे सुख शांति धन संपन्नता संतान प्राप्ति वंश में वृद्धि होती है।



एजेंसी देना है
हरिभूमि समाचार पत्र में सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370049468

